कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 24-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा ग्रैंड रिहर्सल परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित ग्रैंड रिहर्सल परेड का किया गया निरीक्षण, गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत परेड में शामिल टोलियों का निरीक्षण कर कराया गया परेड का पूर्वाभ्यास।**
- **पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड का नेतृत्व करेंगे एसीपी लाइन डॉ0 ईशान सोनी, परेड में सीआरपीएफ, पीएसी, महिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड व एनसीसी की शामिल होंगी 12 टोलियाँ।**
- **परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का निरीक्षण कर कार्यक्रम को अत्यधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 24.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में गणतंत्र दिवस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। गणतंत्र दिवस-2025 परेड का नेतृत्व एसीपी लाइन डॉ0 ईशान सोनी द्वारा किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में 12 टोलियां शामिल होंगी, जिसमें पीएसी - 02, सीआरपीएफ - 01, होमगार्ड - 02, एनसीसी - 02, महिला पुलिस - 01, ट्रैफिक पुलिस - 01, सिविल पुलिस - 03 एवं इसके अतिरिक्त मोटरसाइकिल, फायर, रेडियो, डॉग स्क्वॉड, घुड़सवार पुलिस, पी.आर.वी. के दस्ते शामिल होंगे, स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जायेगी। रिहर्सल परेड के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ0 के एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त लाइन श्री ह्रदेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन श्री ईशान सोनी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।